भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 671**

24/07/2026 को उत्तरार्थ

**पंजाब में कृषि योजनाओं की समीक्षा**

**671. डा. विक्रमजीत सिंह साहनी**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पंजाब में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी) और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के कार्यान्वयन की समीक्षा की है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान मक्का, दालों, तिलहन और प्राकृतिक खेती के अंतर्गत शामिल किए गए ज़िला-वार क्षेत्र कौन-कौन से हैं और एनएमएनएफ के अंतर्गत शामिल किसानों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या पंजाब ने इन योजनाओं के तहत स्वीकृत किए गए भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों को हासिल कर लिया है; और

(घ) योजना-वार जारी और उपयोग की गई धनराशि तथा राज्य सरकार के पास लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>**

(क): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम), राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ), प्रधानमंत्री - राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम - आरकेवीवाई) के फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी) सहित 8 घटकों की समीक्षा पंजाब सहित पूरे देश में राष्ट्रीय सम्मेलनों, क्षेत्रीय सम्मेलनों, बैठकों, फील्ड दौरों आदि के माध्यम से की जा रही है।

(ख): पंजाब में मक्का, दलहन और तिलहन के अंतर्गत शामिल किया गया जिलावार क्षेत्र अनुबंध-**I** में संलग्न है। पंजाब में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) को वर्ष